# समाहरणालय, पटना
(जिला प्रोग्राम कार्यालय, ICDS)
**विज्ञापन संख्या–05/2024**

प्रबंध निदेशक, महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार (समाज कल्याण विभाग, बिहार) के पत्रांक–WCDC/2411/23 दिनांक–22.11.2023 के आलोक में मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के अन्तर्गत अल्पावास गृह (Short Stay Home) पटना के संचालन हेतु संविदा आधारित रिक्त पदों पर सुयोग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:–

| क्र0 सं0 | पद का नाम | पदों की संख्या तथा कोटि | आयु | योग्यता/अहर्ता | मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परामर्शी–सह–कार्यालय सहायिका (महिला हेतु आरक्षित) | 1 (अनारक्षित) | उम्र सीमा अधिकतम 40 वर्ष | • शैक्षणिक योग्यता–मनोविज्ञान में स्नातक। • अनुभवः– महिलाओं से संबंधित विषयों/समस्याओं पर सरकारी अथवा गैर सरकारी संगठनों में न्यूनतम 3 वर्षों का कार्यानुभव। परामर्श/शिक्षण संबंधित कार्य अनुभव को वरीयता दी जायेगी। • कम्प्यूटर पर कार्य करने का ज्ञान अनिवार्य होगा। | 12,000/– |
| 2 | चिकित्सक (अंशकालीन) (महिला हेतु आरक्षित) | 1 (अनारक्षित) | – | • शैक्षणिक योग्यताः–एम.बी.बी.एस./बी.एच.एम.एस./बी.ए.एम.एस./बी.यू.एम.एस. | 9,000/– |
| 3 | लिपिक–टाईपिंग एवं एकाउटिंग | 1 (अनारक्षित) | उम्र सीमा अधिकतम 40 वर्ष | • शैक्षणिक योग्यताः– स्नातक। • हिन्दी एवं अंग्रेजी में कम्प्यूटर पर टंकण का ज्ञान अतिरिक्त योग्यता मानी जायेगी। • अनुभवः–सरकारी अथवा गैर सरकारी संगठनों में कार्य में न्यूनतम 2 वर्षों का कार्यानुभव। | 8,000/– |
| 4 | रसोईया (महिला हेतु आरक्षित) | 1 (अनारक्षित) | आवेदन के समय उम्मीदवार की उम्र अधिकतम 50 साल होगी। | • शैक्षणिक योग्यताः– आठवीं पास। • अनुभवः–समरूप कार्य का 2 वर्षों का अनुभव। | 7,860/– |
| 5 | आदेशपाल/अनुसेवक (महिला हेतु आरक्षित) | 1 (अनारक्षित) | आवेदन के समय उम्मीदवार की उम्र अधिकतम 40 साल होगी। | • शैक्षणिक योग्यताः– मैट्रिक / समकक्ष। • साईकिल चलाने का ज्ञान अनिवार्य होगा। • अनुभवः–समरूप कार्य का 2 वर्षों का अनुभव। | 6,180/– |

• अभ्यर्थी भारत के नागरिक होगें।

2. नियोजन में सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा लागू आरक्षण का प्रावधान प्रभावी होगा।
3. आरक्षण का लाभ केवल उन्हीं आवेदको को मिलेगा जिनके पास बिहार का अधिवास है।
4. अनुभव की अवधि की गणना एवं उम्र की गणना प्रायोजन के लिए संदर्भ विज्ञापन की तिथि मान्य होगी।



CamScanner

**समाहरणालय, पटना**
(जिला प्रोग्राम कार्यालय, ICDS)
**विज्ञापन संख्या–05 / 2024**

5. संविदा के आधार पर नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी जो बिना किसी पूर्व सूचना के या 15 दिनों के नोटिस पर समाप्त की जा सकती है। इस संबंध में नियमित नियोजन की कोई दावा मान्य नहीं होगी। इस प्रकार नियोजित व्यक्ति का नियोजन के पश्चात् सेवा में नियमितिकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा। नियोजित व्यक्ति न तो सरकारी सेवक माने जाएंगे न सरकारी सेवक के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार होगें। उनका नियोजन अल्पावास गृह (Short Stay Home) के अधीन होगा।

6. विभिन्न पदों पर नियोजित उम्मीदवारी की वांछित शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव के आधार पर अंतिम मेधा सूची प्रकाशित होगी।

7. कार्य अनुभव में सरकारी विभाग/कार्यालय में कार्यानुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।

8. सरकारी/अर्ध–सरकारी विभाग/संस्थान/कार्यालय में कार्यानुभव की स्थिति में नियुक्ति प्राधिकार द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

9. चयन प्रक्रिया, निर्धारित योग्यता रखनेवाले उम्मीदवारों में मेधा सूची के अनुसार साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा। साक्षात्कार में भाग लेने हेतु सूचना संबंधित अभ्यर्थी को उनके आवेदन में उल्लेखित E-mail एवं जिला के https://patna.nic.in बेबसाईट पर दी जाएगी। जिला कार्यालय द्वारा किसी भी अभ्यर्थी से डाक द्वारा किसी भी तरह का पत्राचार नहीं किया जायेगा।

10. मानदेय के आधार पर नियोजित कर्मी न तो सरकारी सेवक माने जायेगें और न ही सरकारी सेवकों के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार माने जायेगें। मानदेय के आधार पर नियोजित कर्मियों द्वारा सेवा के नियमितिकरण को कोई दावा मान्य नहीं होगा।

11. विज्ञापन एवं सेवा भर्ती से संबंधित सभी अधिकार जिला पदाधिकारी, पटना के अधीन है। जिला पदाधिकारी, पटना विज्ञापन को संशोधित/रद्द करने के लिए सर्वाधिकार धारित करते हैं।

12. इच्छुक अभ्यर्थी आवेदित पद का उल्लेख करते हुए दिनांक–29.02.2024 तक अपना आवेदन विहित प्रपत्र में शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र/अंक पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ संलग्न करते हुए ई–मेल–dpo.pat.icds@gmail.com पर समर्पित करेंगें एवं हार्ड कॉपी निबंधित डाक द्वारा जिला प्रोग्राम कार्यालय (ICDS), पटना, विकास भवन, द्वितीय तल, गॉधी मैदान, पटना–800001 के पता पर भेज सकते है। प्रमाण पत्र संलग्न नहीं होने की स्थिति में आवेदन को प्रथम दृष्ट्या निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त समय सीमा के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगें।

13. एक से अधिक पदों के लिए अलग–अलग आवेदन मान्य होगी।

14. भरे हुए आवेदन का प्रिंट आउट अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखेंगे।

15. अभ्यर्थी, विज्ञापन से संबंधित अपडेट अन्य घोषणाओं हेतु https://patna.nic.in वेबसाईट का अवलोकन करते रहेंगें।

16. नियोजन के समय उपलब्ध करायी सूचनाओं के गलत पाए जाने के स्थिति में नियोजन को समाप्त करते हुए विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

13/2/24

**जिला पदाधिकारी,**
**पटना।**

CamScanner

# आवेदन–प्रपत्र

**विज्ञापन संख्याः–...........................**

अनुलग्नक–1

स्व अभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटों

1. आवेदित पद का नामः ...........................................................
2. अभ्यर्थी का नामः ...........................................................
3. जन्म तिथि : ...........................................................
4. माता का नामः ...........................................................
5. पिता/पति का नामः ...........................................................
6. आधार कार्ड नंबरः ...........................................................
7. स्थायी आवास का पूरा पता (जिला के नाम के साथ): ...........................................................
...........................................................
8. पत्राचार का पताः ...........................................................
...........................................................

9. श्रेणीः सामान्य ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ अति पिछड़ा वर्ग ☐
अनुसूचित जाति ☐ अनुसूचित जनजाति ☐ अन्य ☐

10. मोबाईल नंबरः ...........................................................
11. ई–मेल आईडीः ...........................................................
12. शैक्षणिक विवरणीः–

| क्र.सं. | शिक्षा | विषय | उत्तीर्णता का वर्ष | प्राप्तांक | प्रतिशत | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैट्रिक | | | | | |
| 2 | इंटर | | | | | |
| 3 | स्नातक (प्रतिष्ठा का विषय) | | | | | |
| 4 | स्नातकोत्तर | | | | | |
| 5 | पीएचडी/अन्य | | | | | |
| 6 | कंप्यूटर योग्यता | | | | | |
| 7 | व्यवसायिक प्रशिक्षण | | | | | |
| 8 | अन्य | | | | | |

13. कार्य अनुभव :–

| क्र.सं. | संस्थान का नाम | पदनाम | कार्य अवधि वर्ष/माह/दिन | कार्य विवरणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |

13. संलग्न किये गये कागजातों की सूची :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | |
| 3 | | 4 | |
| 5 | | 6 | |
| 7 | | 8 | |
| 9 | | 10 | |

**घोषणाः**–उपरोक्त सभी सूचना मेरे जानकारी के आधार पर सत्य है। यदि भविष्य में कभी प्रतिकूल प्रतिवेदन प्राप्त होता है तो इसके लिए मैं स्वंय जिम्मेवार रहूँगी/रहूँगा एवं मेरे विरूद्ध नियमानुकूल कार्रवाई की जा सकती है।

दिनांकः–

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर



CamScanner